an>

Title: Need to construct sluice gates on rivers originating from Nepal and flowing through Jhanjharpur Parliamentary Constituency in Bihar.

**श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर)** ः मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर बिहार में दर्जनों नदियां नेपाल की तराई से निकलती है जिसमें बारहों माह पानी बहता रहता है जैसे विहुल नदी, बछराजा नदी, सुगरवे नदी और अधवारा नदी। इन सभी नदियों पर यदि सुलिश गेट की व्यवस्था कर दी जाय तो हज़ारों एकड़ जमीन में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी जिससे किसानों के पैदावार में कई गुना वृद्धि हो जाएगी। जबकि भारत सरकार ने किसानों की जमीन को सिंचित बनाने की बात कही है। बिहार में खेती के अलावा दूसरा कोई रोजगार नहीं है। यदि उपरोक्त सभी नदियों पर सुलिश गेट की व्यवस्था हो जाती है तो बिहार के किसानों को आत्महत्या करने की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

अतः मैं माननीय कृषि एवं सिंचाई मंत्री से आग्रह करूंगा कि यथाशीघ्र सर्वे कराकर सुलिश गेट बनवाने की कृपा करेंगे।